# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

01 मई 2024, बुधवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा छत्तीसगढ़ के कोरबा में जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**कांग्रेस ने चुनाव जीतने के लिए सालों तक नक्सलवाद और आतंकवाद का पालन-पोषण किया**

****************

**मोदी सरकार में आतंकवाद-नक्सलवाद का जाना तय**

****************

**मोदी 3.0 के पहले 2 साल में नक्सलवाद को छत्तीसगढ़ से मूल समेत उखाड़ देंगे**

****************

**हम भाग्यवान हैं कि रामलला का सूर्याभिषेक देख पाए**

****************

**मोदी जी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजाति गौरव दिवस घोषित कर आदिवासी समाज को सम्मान दिया**

****************

**4 तारीख को हार के बाद भाई-बहन तो बच जाएँगे, हार का ठीकरा खड़गे जी पर पड़ने वाला है**

****************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज बुधवार को छत्तीसगढ़ के कोरबा में जनसभा को संबोधित करते हुए भूपेश बघेल पर नक्सलवाद के पोषण का आरोप लगाते हुए जमकर निशाना साधा और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा शासन में हुए विकास कार्यों का उल्लेख किया। इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, कैबिनेट मंत्री श्री श्याम बिहारी जयसवाल, कोरबा लोकसभा प्रत्याशी डॉ. सरोज पांडे सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

श्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रभु श्री राम का ननिहाल है। कांग्रेस पार्टी ने 70 वर्षों से प्रभु श्री राम मंदिर के मुद्दे को लटकाकर रखा था लेकिन छत्तीसगढ़ की जनता ने 11 में से 9 सीटें देकर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाया और 5 वर्षों के भीतर ही फैसला भी आया, भूमिपूजन भी हुआ और भव्य राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा भी सम्पन्न हो गई। 500 वर्षों के बाद राम लला के कपाल पर सूर्य तिलक देखने का सौभाग्य भी लोगों को प्राप्त हुआ है। कांग्रेस पार्टी के नेताओं को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए निमंत्रण भेजा गया था लेकिन अल्पसंख्यकों के वोट बैंक के डर से कांग्रेस का एक भी नेता राम लला की प्राण प्रतिष्ठा में नहीं पहुंचा। **कांग्रेस के लिए सिर्फ वोट बैंक ही महत्वपूर्ण है**।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **भूपेश बघेल की सरकार नक्सलवाद को बढ़ावा देती रही लेकिन विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा शासन के 4 महीने में ही 85 नक्सलियों को ढेर कर दिया**

**गया और 350 लोगों को गिरफ्तार किया गया**। आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने झारखंड, बिहार, ओडिशा, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से नक्सलवाद को 5 वर्षों में समाप्त किया है। भूपेश बघेल की सरकार के कारण छत्तीसगढ़ छूट गया था लेकिन प्रदेश की जनता श्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना दे तो 2 वर्षों में नक्सलवाद को छत्तीसगढ़ से भी उखाड़ फेंका जाएगा। देश के सुरक्षा बलों ने पराक्रम दिखाया और 29 नक्सलवादी मारे गए लेकिन भूपेश कक्का निर्लज्जता से कह रहे हैं कि फेक एन्काउनर है। नक्सलियों ने स्वीकार कर लिया है कि उनका बहुत नुकसान हुआ है लेकिन कांग्रेस मानने को तैयार नहीं है। **चुनाव जीतने के लिए इस देश में नक्सलवाद और आतंकवाद का पोषण कांग्रेस पार्टी ने वर्षों तक किया** लेकिन अब छत्तीसगढ़ की जनता को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि राज्य में भाजपा सरकार है और केंद्र में भाजपा सरकार बनने जा रही है तो नक्सलवाद तो समाप्त होकर ही रहेगा।

श्री शाह ने कहा कि **दो चरणों के चुनावों में ही आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी सेंचुरी मार के आगे निकल गए हैं। तीसरा चरण 400 पार की दिशा में आगे बढ़ने का है**। सभी क्षेत्रों के लोग कहते हैं हमारे सांसद को बड़ा बनाइये लेकिन कोरबा की जनता की सेवा के लिए बड़ी नेत्री को ही भेज दिया है अब जनता को उन्हें जिताकर संसद भेजना है। **कोरबा की जनता डॉ. सरोज जी को विजयी बना दे, कोरबा के गांव-गांव की चिंता स्वयं आदरणीय प्रधानमंत्री जी करेंगे। श्री नरेन्द्र मोदी के पास 10 वर्षों का ट्रैक रिकार्ड भी है और 25 वर्षों का एजेंडा भी है**। छतीसगढ़ अधिकतर पिछड़े, दलित और आदिवासी भाई-बहनों का क्षेत्र है और प्रधानमंत्री जी ने 2014 में कहा था कि भाजपा सरकार गरीबों, पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों के लिए प्रतिबद्ध होगी। बीते दस वर्षों में भाजपा सरकार ने अनेक कार्य किए हैं। गरीबों को घर दिए हैं, घर में नल से जल, गैस सिलेंडर, 5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा, हर व्यक्ति को 5 किलो प्रतिमाह चावल भेजे और शौचालय बना कर दिए हैं। कोरोना महामारी के समय देश की जनता को कोरोना का निःशुल्क टीका लगाकर सुरक्षित करने का कार्य किया गया। राहुल गांधी उस समय भी कहते थे कि मोदी टीका मत लगवाना लेकिन एक दिन वो भी स्वयं जाकर टीका लगवा आए। कांग्रेस कोरोना जैसी महामारी में भी राजनीति कर रही थी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **श्री नरेन्द्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने का अर्थ है कि देश को नक्सलवाद और आतंकवाद से मुक्त कराना, गरीब के कल्याण की चिंता करना, देश को विकसित बनाना, जनजातियों के सम्मान की चिंता करना**। कोरबा आज लापता सांसद के नाम से जाना जाता है लेकिन जनता एक बार सरोज जी को चुन कर देखे, सारी समस्याओं का समाधान आपके गांव आकर करेंगी। भारतीय जनता पार्टी ने आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कहते हैं कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ के लोगों का कश्मीर से क्या लेना देना लेकिन खड़गे साहब को नहीं पता कि छत्तीसगढ़ का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान देने के लिए तैयार है। कांग्रेस पार्टी 70 वर्षों से धारा 370 को एक अनौरस बच्चे की तरह गोद में खिलाती रही लेकिन भाजपा शासन में धारा 370 समाप्त करके कश्मीर को सदैव के लिए देश से जोड़ दिया। राहुल गांधी ने कहा था कि धारा 370 हटाई गई तो कश्मीर में खून की नदियां बह जाएंगी लेकिन खून की नदियां छोड़िए, कंकड़ चलाने की किसी की हिम्मत नहीं हुई। श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इस देश से आतंकवाद को हमेशा के लिए समाप्त कर दिया है।

श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस पार्टी का एक ही सूत्र है कि झूठ बोलो, जोर से बोलो, सार्वजनिक रूप से बोलो और बार-बार बोलो**। मेरा एक फेक वीडियो बनाकर कांग्रेस के लोगों ने प्रसारित कर दिया। कांग्रेस कहती है कि मोदी जी को बहुमत मिलेगा तो वो आरक्षण हटा देंगे। **10 वर्षों से जनता के आशीर्वाद से श्री**

**नरेन्द्र मोदी के पास बहुमत है लेकिन न आरक्षण हटाया गया है, न हटाया जाएगा**। भाजपा ने बहुमत का उपयोग अनुच्छेज 370 हटाने, श्री राम जन्मभूमि पर मंदिर बनाने, नागरिकता संशोधन कानून लाने, तीन तलाक को हटाने के लिए किया है और अब छत्तीसगढ़ में भी बहुमत का उपयोग नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए किया जाएगा। **जब तक भारतीय जनता पार्टी का एक भी सांसद भारत की संसद में है, एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण को न भाजपा हटाएगी और न कांग्रेस को हटाने देगी, ये मोदी की गारंटी है**। भाजपा सरकार ने जनजातियों और आदिवासियों के कल्याण के लिए ढ़ेर सारे काम किए हैं। कांग्रेस के कार्यकाल में आदिवासी कल्याण मंत्रालय, गृह मंत्रालय के अंतर्गत एक छोटे से जॉइंट सेक्रेट्री का कार्यालय था लेकिन जब श्रद्धेय अटल जी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने अलग से आदिवासी कल्याण मंत्रालय बनाया, नेशनल कमेटी ऑफ शिड्यूल ट्राइब्स बनाया और श्री नरेन्द्र मोदी ने 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का कार्य किया। **55 वर्षों तक सत्ता में रहने वाली कांग्रेस पार्टी ने कभी भी किसी आदिवासी बेटे या बेटी को राष्ट्रपति नहीं बनाया** लेकिन **श्री नरेन्द्र मोदी जी ने ओडिशा के गरीब आदिवासी की बेटी बहन द्रौपदी मुर्मू को महामहीम द्रौपदी मुर्मू बनाकर आदिवासियों का सम्मान करने का कार्य किया है**।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **कांग्रेस पार्टी का 2013-14 में आदिवासी कल्याण का बजट 28 हजार करोड़ था लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने इस बजट को 1 लाख 28 हजार करोड़ करने का कार्य किया है**। भाजपा सरकार ने 700 से ज्यादा एकलव्य स्कूल खोले, डिस्ट्रिक्ट मिनरल फांउडेशन बनाए, 75 हजार करोड़ रूपए खदानों से आदिवासी कल्याण में खर्च किए और सिकल सेल एनीमिया समाप्त करने के लिए भाजपा आगे बढ़कर एक नया रिसर्च सेंटर बनाने जा रही है। भाजपा सरकार ने किसानों के लिए भी ढेर सारे काम किए हैं। श्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री बनते ही सारा धान 3100 रूपए मीट्रिक टन के भाव से खरीद भी लिया और पुराने नुकसान की भी भरपाई कर दी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 12 करोड़ किसानों को लाभ मिला है। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे जी कहते हैं कि श्री नरेन्द्र मोदी जी आएंगे तो गरीबों का सत्यानाश होगा। खड़गे जी से पूछा जाना चाहिए कि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने से गरीबों का कल्याण हुआ कि नहीं? 80 करोड़ गरीबों को निःशुल्क राशन, 12 करोड़ माताओं को शौचालय, 4 करोड़ लोगों को घर, 14 करोड़ लोगों को नल से जल मिला, 7 करोड़ लोगों को 5 लाख तक का पूरे स्वास्थ्य का खर्चा मिला, ये फायदा है कि नहीं? खड़गे साहब, एक परिवार के लिए झूठ बोल रहे हैं। 4 जून को हारने के बाद ये ठीकरा खड़गे साहब के ऊपर ही फूटने वाला है। 4 जून को जैसे ही कांग्रेस हारेगी ये भाई-बहन तो सुरक्षित रहेंगे लेकिन 80 वर्ष की आयु के खड़गे जी पर ही हार का ठीकरा फोड़ दिया जाएगा। श्री शाह ने कोरबा की जनता से श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए कोरबा लोकसभा प्रत्याशी डॉ. सरोज पांडे को विजयी बनाने की अपील की।

************************